समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# चीन का नया खतरनाक हथियार : मच्छर जितना छोटा ड्रोन बदल देगा जंग का तरीका !

Publisher Published on 25 Jun 2025



## चीन ने तैयार किया मच्छर के आकार का माइक्रो ड्रोन, जो जासूसी और सैन्य मिशनों मे ला सकता है क्रांतिकारी बदलाव।

**बीजिंग : चीन की नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ डिफेंस टेक्नोलॉजी (NUDT)** ने एक बेहद **उन्नत** और **खतरनाक हथियार** तैयार किया है, जो आने वाले समय में युद्ध की रणनीति पूरी तरह बदल सकता है। यह हथियार एक **मच्छर के आकार का माइक्रो ड्रोन** है, जिसे हाल ही में **CCTV-7 (चीन का सैन्य चैनल)** पर पहली बार सार्वजनिक किया गया।

इस **ड्रोन को NUDT की रोबोटिक्स लैब** में तैयार किया गया है और इसे "**बायोनिक रोबोट**" कहा जा रहा है। इसका आकार सिर्फ **1.3 सेंटीमीटर** है और इसे **स्मार्टफोन से कंट्रोल** किया जा सकता है।

**क्या है ड्रोन की बनावट ?**

१. **दो हल्के पंख, जो पत्तों जैसे दिखते है**
२. **तीन पतले पैर जैसे हिस्से**
३. **वजन मे बेहद हल्का**
४. **सटीक नियंत्रण के लिए स्मार्टफोन कनेक्टिविटी**

कहां हो सकता है इसका उपयोग ?

**जासूसी मिशन :**

छोटे आकार के कारण यह **ड्रोन आसानी** से किसी की नज़र में आए बिना **गोपनीय जानकारी एकत्र** कर सकता है।

**आपदा राहत कार्य:**
मलबे में फंसे लोगों को खोजने में मददगार।

**पर्यावरणीय निगरानी :**
हवा और पानी की गुणवत्ता की जानकारी देने वाले सेंसर लगाए जा सकते हैं।

**क्या है इंसकी चुनौतियां ?**

१. **बैटरी लाइफ बेहद सीमित**
२. **अधिक वजन नहीं उठा सकता, इसलिए सीमित उपकरण लगाए जा सकते है** ˙
३. **छोटे आकार के कारण संचालन मे तंकनीकी जटिलता भी मौजूद है**
४. **फिर भी, टेक्नोलॉजी के निरंतर विकास के चलते आने वाले समय मे यंह ड्रोन और भी अधिक सक्षम हो सकते है।**

चीन का यह नया **माइक्रो ड्रोन** केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि **भविष्य के युद्धों की दिशा** तय करने वाला हथियार साबित हो सकता है। इसका आकार जितना छोटा है, इसका प्रभाव उतना ही बड़ा हो सकता है — चाहे वो युद्ध हो, जासूसी हो या राहत कार्य।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.